तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

3 रंगोली, पोस्टर, शपथ व रैली के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक



## खबर संक्षेप

### प्रेस क्लब में रक्तदान शिविर आज

**कोरबा।** कोरबा प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार स्व.रमेश पासवान की स्मृति में उनके तृतीय पुण्यतिथि पर कोरबा प्रेस क्लब द्वारा द्वितीय वर्ष प्रेस क्लब के ट्रांसपोर्टनगर स्थित तिलक भवन में 27 अप्रैल की सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के सहयोग से कोरबा प्रेस क्लब द्वारा सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में सहभागिता निभाने के लिए उक्त आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रेस क्लब के साथ ही समाज सेवी संस्थान भी सहभागिता निभाएगी। शिविर में संग्रहित रक्त को जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए ब्लड बैंक को प्रदान किया जाएगा। साथ ही शिविर में रक्तदान करने वाले प्रेस क्लब के सदस्यों व उनके परिवार या परिचित समेत आमजन को जरूरत के समय में प्राथमिकता के साथ जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से अविलंब रक्त प्रदान हो सकेगा।

### जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का आयोजन आज

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन को सुगम एवं सहभागी बनाने के उद्देश्य से एवं शत-प्रतिशत मतदान हेतु जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता बाइक रैली का आयोजन 27 अप्रैल को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, वनमण्डलाधिकारी अरविंद पीएम, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बाइक रैली में आम नागरिकों के साथ शामिल होंगे। बाइक रैली में शामिल होने के लिए हेलमेट अनिवार्य है। 28 अप्रैल को साइकल रैली का आयोजन शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट गेट से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड तक की जाएगी। प्रतिभागियों को अपनी-अपनी साइकल लाना होगा। दिव्यांग रैली का आयोजन शाम 5.30 बजे से प्रारंभ होगा। रैली सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड से सीएसईबी चौक होकर वापस ग्राउण्ड तक पहुंचेगी। नववधू सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम सुबह 5.35 बजे से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में आयोजित होगी। इसके तहत प्रतिभागी मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम में भाग लेंगे। सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में शाम 5.40 बजे से कॉलेज स्कूली छात्र-छात्राओं का मानव श्रृंखला एवं साप्ताहिक गतिविधियों के प्रत्येक विभागों के प्रथम एवं द्वितीय प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### अनुष्का ने जेईई मेंस में हासिल किया 98.43 प्रतिशत अंक

**कोरबा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस के सेशन-2 का परिणाम घोषित हुआ है, जिसमें नगर पंचायत पाली की होनहार छात्रा कु.अनुष्का जायसवाल ने पहले ही प्रयास मे जेईई मेंस की परीक्षा मे 98.43 प्रतिशत अंक अर्जित कर इतिहास रचते हुए पाली नगर और परिवार को गौरवान्वित किया है।नपं पाली के अटल चौक पर लम्बे समय से स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे डॉ. भारत भूषण जायसवाल और श्रीमती ज्योति जायसवाल की इकलौती बेटी अनुष्का की प्राथमिक, माध्यमिक, और हाई स्कूल की शिक्षा पाली में हुई है। तत्पश्चात अपने व पिता के सपने को पूरा करने बिलासपुर में 12 विद्याध्ययन करते हुए साथ मे जेईई की तैयारी की। अनुष्का ने पहले ही प्रयास में जी ईई मेंस परीक्षा में 98.43 फीसदी परसेंटाइल अंक हासिल कर परिवार और नगर का नाम रोशन किया है। पाली के इतिहास में पहली बार किसी ने जेईई की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग की परीक्षा मे इतना अंक अर्जित किया है। नगर वासियों ने खुशी जाहिर करते हुए छात्रा और परिवार को ऐतिहासिक सफ़लता पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# हाथी प्रभावित पोलिंग बूथ में वन विभाग के कर्मचारी लोगों को पहले से करेंगे सजग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले का कोरबा व कटघोरा वनमंडल हाथियों से प्रभावित है। ऐसे में मतदान के दौरान हाथी प्रभावित गांवों में लोगों को मतदान के दौरान किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए वन विभाग अभी से ही गांव गांव में जागरूकता अभियान चला रही है। वहीं उन्हें यह बता रही है कि यदि हाथी उनके गांव की ओर दस्तक करेगा तो उन्हें पहले से ही इसकी जानकारी हो जाएगी और हाथी से बिना डर भय के लोग शत प्रतिशत मतदान करें। इस दिशा पर विभाग पहल कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में बड़े पैमाने पर हाथियों का बसेरा है और हाथी आए दिन अक्सर गांव की ओर घुसने का प्रयास करते हैं और बड़े पैमाने पर नुकसान भी पहुंचते हैं। अभी इस गर्मी के दौर में 7 मई को जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जानी है। इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस की टीम लगातार लगी हुई है। मतदान के दौरान किसी भी इलाके में हाथी प्रभावित इलाके में परेशानी ना हो इसके लिए अभी से ही वन विभाग की टीम ⏭ शेष पेज 3 पर

### 49 हाथियों का झुण्ड है कटघोरा वनमंडल में

**खास बात**

- अभी से गांव गांव में मतदान के लिए विभाग के कर्मचारी कर रहे हैं जागरुक



### शाम को होता है सबसे ज्यादा मूवमेंट

हालांकि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में खतरा तो बना हुआ है लेकिन लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि हाथी का मूवमेंट अक्सर शाम के समय ही होता है और वे रात को ही अपना सफर तय करते हैं। हालांकि सुबह के समय हाथी अपने इलाके या जंगल में आराम फरमाते हैं इसलिए कोई ज्यादा घबराने की आवश्यकता नहीं है। वन विभाग इसके लिए पहले से तैयारी में जुटा हुआ है और पहले ही वन विभाग द्वारा हाथियों के निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी की जा रही है और पल-पल की जानकारी वरिष्ठ अफसर को दी जा रही है और उनके निर्देशों पर ही हाथियों को कंट्रोल किया जा रहा है।

### धूप से निजात दिलाने की गई पहल

# एसपी की पहल : अब तपती धूप में ट्रैफिक जवान चश्मा और पानी बोतल के साथ आएंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के प्रमुख चौराहा में 42 डिग्री के तापमान में खड़े होकर ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले जिले के ट्रैफिक पुलिस के जवानों की होती है। 42 डिग्री तापमान होने के बाद भी वे खड़े होकर अपनी ड्यूटी को निभाते हैं। धूप में उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने पहल की है और जिले के ट्रैफिक जवानों को धूप से निपटने के लिए उन्हें छाता व चश्मा व डिहाइड्रेशन के शिकार ना हो इसके लिए बकायदा मिल्टन का एक बोतल दिया।

उल्लेखनीय है कि शहर सड़कों पर लोग आसानी से सुगम यातायात मिल सके इसके लिए शहर के प्रमुख चौक चौराहों में ट्रैफिक पुलिस के जवानों को तैनात किया जाता है। जो बरसात हो या ठंड या फिर गर्मी किसी भी मौसम में हमेशा चौक चौराहों में डटकर खड़े रहते हैं और लोगों को सुगम यातायात मुहैया कराते हैं लेकिन इस अप्रैल के महीने में जहां पारा 42 डिग्री के पार जा पहुंचा है। ऐसे तापमान में खड़े होकर ड्यूटी करना किसी चुनौती से कम नहीं है। लगातार तापमान बढ़ते ही जा रहा है और ड्यूटी की वजह से ट्रैफिक के जवान लगातार डिहाइड्रेशन और बीमारी के शिकार हो रहे थे। इसे लेकर हरिभूमि ने 20 अप्रैल के अपने अंक में पुलिस जवानों की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने ट्रैफिक में पदस्थ पुलिस के जवानों को इस भीषण गर्मी में कैसे राहत पहुंचा जा सकती है इस दिशा पर पहल की और शुक्रवार को एसपी ऑफिस के समीप पर स्थित यातायात थाने में पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा स्वयं थाना पहुंचे और वहां मौजूद सभी ट्रैफिक के अधिकारी कर्मचारियों की क्लास लगाई। जहां पुलिस अधीक्षक द्वारा एक-एक कर पुलिस के जवानों को इस भीषण गर्मी से निपटने के लिए उन्हें चश्मा, छतरी व पीने का पानी ठंडा रहे इसके लिए बॉटल उपलब्ध कराया गया है। जहां पुलिस के जवान इस किट को पाकर गदगद नजर आए और पुलिस अधीक्षक के इस पहल की जमकर सराहना की। इस दौरान यातायात प्रभारी गोवर्धन मांझी, एएसआई मनोज राठौर, ईश्वरी लहरे, घनश्याम राजपूत, अजय राजवाड़े सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



ट्रेफिक जवानों को किट प्रदान करते एसपी सिद्धार्थ तिवारी।



कई स्थानों में छाया नहीं होने की वजह से जवानों की बढ़ रही मुश्किलें

तापमान पहुंचा 43 डिग्री के पार, सड़कों पर ट्रैफिक जवान तैनात, बिगड़ रही है तबियत

दोपहर 12 बजे के बाद ट्रैफिक कंट्रोल मैन्युअल किया जाना चाहिए

हरिभूमि में पूर्व में प्रकाशित खबर की कतरन।

### 24 घंटे बोतल में रहेगा ठंडा पानी

इस भीषण गर्मी में लोगों को एक गिलास यदि ठंडा पानी गला तर करने मिल जाए तो इससे अच्छा और क्या कहेंगे। पुलिस के जवानों को पहले पीने के पानी के लिए यहां वहां भटकना पड़ता था और जो पुलिस के जवान बोतल लेकर आते थे। फिर धूप में गर्म हो जाया करती थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस के जवानों को जो बॉटल उपलब्ध कराया है वह 24 घंटा ठंडा पानी अब उन्हें उपलब्ध कराएगा। पुलिस के जवानों को निर्देशित किया गया है कि वह पानी में ग्लूकोस मिलाकर घर से निकले और इस पानी को दिनभर पीयें ताकि वे डिहाइड्रेशन का शिकार ना हो और वे पूरी तन्मयता के साथ ड्यूटी करें।

### 2 मई को है पीएम का प्रवास

जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर जोर-जोर से प्रचार प्रसार का दौर चल रहा है और इस दौरान लगातार वीआईपी का आगमन भी हो रहा है। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई अन्य वीआईपी पहुंचे थे। लगातार वीआईपी के आगमन पर पुलिस के जवानों व ट्रैफिक के जवानों को लगातार ड्यूटी करनी पड़ रही है। जिससे वे बीमार भी पड़ रहे हैं। अब 2 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोरबा में प्रवास है। ऐसे में पुलिस के जवान व ट्रैफिक के जवान बीमार ना हो इसके लिए उन्हें स्पेशल किट उपलब्ध कराया गया है। जहां छतरी के माध्यम से उन्हें चौक चौराहा व वीआईपी के आगमन पर धूप से बचने के लिए सहारा मिलेगा तो वहीं चश्मा भी उन्हें धूप से बचाएगी। साथ ही पानी का बोतल उन्हें गला तर करने के लिए ठंडा पानी मिल सकेगा।

# मृत शिक्षक को चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चुनाव में कर्मचारियों की ड्यू टी लगाने में किस तरह की लापरवाही विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा बरती जा रही है। इसका उदाहरण चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए शिक्षकों को जारी की गई सूची से उजागर हुआ है। जब मृत शिक्षक का नाम तीन दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची में दर्ज कर दिया गया। इतना ही नहीं बल्कि इसके लिए शिक्षक के नाम से नोटिस भी जारी कर दी गई। मामले के अनुसार चुनाव ड्यू टी के लिए कलेक्टोरेट में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके लिए शिक्षकों की ड्यू टी लगाई जा रही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से शिक्षकों की सूची भी मांगी जा रही है। उक्त सूची को विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रमाणित कर उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रेषित की जाती है। उक्त सूची में किन किन शिक्षकों का नाम दर्ज है इसकी जानकारी संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी को रहती है। उसके बावजूद सूची में यह नहीं देखा जाता कि जिनकी डयूटी लगाई जा रही है वह किस स्थान पर पदस्थ है और वर्तमान में कार्यरत है या नहीं। जो मामला सामने आया उसके अनुसार गजराज सिंह कंवर प्रधानपाठक प्राथमिक शाला चीतापानी के नाम से नोटिस जारी की गई है। जिसमें उक्त शिक्षक की मतदान अधिकारी क्रमांक 1 के रूप में जारी की गई है। जिसमें 28 अप्रैल से चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होने की निर्देश दिया गया है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कटघोरा में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश दिए ग हैं। उपस्थित नहीं होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उक्त शिक्षक का कर्मचारी कोड 636199 है।

**हटाया गया नाम**

प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कर्मचारियों की जो ड्यू टी लगाई गई थी, उसमें उक्त शिक्षक का नाम जानकारी मिलने के पश्चात हटा दिया गया है।

- **अजीत बसंत,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

**खास बात**

- निर्वाचन विभाग के द्वारा जारी सूची में नाम है दर्ज

### बीईओ कार्यालय की लापरवाही आई सामने

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में किस तरह की लापरवाही बरती जा रही है यह इसी से समझ में आ जाता है कि उनके अंतर्गत आने वाले स्कूल के प्रधानपाठक की मृत्यु होने के बाद भी उनका नाम प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जारी की गई सूची में दर्ज हो जाता है और विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूची का सत्यापन भी नहीं करते और उसे अंतिम रूप देकर सीधे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रेषित कर देते हैं। इससे यह जाहिर हो रहा है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरबा में किस तरह की लापरवाही विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा की जा रही है। जिसका खामियाजा निर्वाचन विभाग हो भुगतना पड़ता है।

# दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता आज व कल करेंगे होम वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले में दिव्यांग मतदाताओं और 85 साल से ऊपर के मतदाताओं के होम वोटिंग हेतु गठित मतदान अधिकारियों का बैठक लिया गया।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री नाग ने बताया कि होम वोटिंग हेतु प्रारूप 12 (घ) में आवेदन करने वाले अनुपस्थित श्रेणी के अंतर्गत कोरबा जिले में कुल 127 मतदाताओं के आवेदन प्राप्त हुए है। जिनके मतदान कराने के लिए कुल 14 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है एवं 3 दल रिजर्व रखे गए है। उन्होंने बताया कि जिले में होम वोटिंग की प्रकिया 27 व 28 अप्रैल को की जाएगी। जिसके अंतर्गत 27 अप्रैल को विधानसभा कोरबा एवं रामपुर में मतदान अधिकारियों द्वारा होम वोटिंग कराई जाएगी एवं 28 अप्रैल को विधानसभा कटघोरा एवं पाली तानाखार में अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को होम वोटिंग कराई जाएगी। मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित कर मतदाता को मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाएगी। मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने निशान लगाकर मतदान करेगा। विधानसभा कोरबा एवं रामपुर में 27 अप्रैल 2024 को होने वाले होम वोटिंग कार्य 9 टीम द्वारा पूर्ण किया जाएगा। जिसमें कोरबा हेतु 4 दल एवं रामपुर हेतु 5 दल का गठन किया गया है। प्रत्येक दल में एक-एक पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिसकर्मी एवं वीडियोग्राफर होंगे।

# बस ने कंप्यूटर क्लास जा रहे छात्र को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक छात्र एक्टिवा में सवार होकर अपने घर से कम्प्यूटर क्लास के लिए निहारिका जा रहा था कि इसी बीच एक तेज रफ्तार बस के चालक ने एक्टिवा को अपनी चपेट में ले लिया जिससे एक्टिवा सवार छात्र की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले बस चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है और बस को जप्त कर लिया है।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। यहां एमपी नगर में निवास करने वाले मनोज पांडे का 18 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार पांडे सुबह लगभग 10:30 बजे अपने एक्टिवा क्रमांक सीजी 12 के 8066 में सवार होकर अपने घर से निहारिका स्थित कंप्यूटर क्लास जा रहा था कि रवि डेयरी के समीप पहुंचा था कि बिलासपुर की ओर से रजगामार जा रही बस क्रमांक सीजी 10 बीआर 6620 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार अंकित पांडे को अपनी चपेट में ले लिया जिससे अंकित पांडे की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध। कर बस को जप्त कर लिया है। ज्ञात रहे कि एक दिन पहले ही मोरगा चौकी क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने मोपेड को अपनी चपेट में ले लिया था जिससे मोपेड में सवार दो लोगों की मौत हो गई थी।

**खास बातें**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रवि डेयरी के समीप हुई दुर्घटना
- बिलासपुर से बारात लेकर रजगामार जा रही थी बस



मृतक

### चुनाव ड्यूटी से बचने 600 आवेदन मिले निर्वाचन कार्यालय को

# कोई शादी के लिए तो कोई बीमारी के उपचार के लिए मांग रहा छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के दौरान पड़ने वाली तेज गर्मी ने चुनावी ड्यू टी से बचने के लिए कर्मचारी अवकाश के लिए आवेदन दे रहे हैं, तो कोई परिवार में वैवाहिक कार्यक्रम तो कोई अपने स्वास्थ्य का हवाला देकर उपचार के लिए अवकाश मांग रहा है। ऐसे 600 आवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय के पास पहुंचे हुए हैं। स्वास्थ्य के लिए अवकाश देने हेतु मेडिकल बोर्ड का सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गा है। जिसे प्राप्त करना कर्मचारियों के लिए टेढ़ी खीर है।



लोकसभा चुनाव के लिए जिले के चारों विधानसभा में 7 से 8 हजार कर्मचारियों की ड्यू टी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगाई जा रही है। जिनके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कर्मचारियों की सूची जारी कर उन्हें प्रशिक्षण में आने के निर्देश दिए गए हैं। कर्मचारियों की ड्यू टी पीठासीन अधिकारी सुरक्षा कर्मी सहित अन्य कार्यों में लगाई जा रही है। 7 मई को जिले में मतदान कराया जाएगा। मई माह होने की वजह से तेज गर्मी में कर्मचारियों की ड्यू टी रहेगी। हालांकि सभी मतदान केन्द्र में गर्मी से बचाव के प्रबंध भी किए गए हैं, किंतु आग उगलती गर्मी के दौरान चुनाव ड्यू टी से बचने के लिए कर्मचारी तरह तरह के कारण बताकर अपने आवेदन जिला पंचायत को भेज रहे हैं। अब तक लगभग 600 आवेदन अवकाश से संबंधित जिला पंचायत सीईओ के पास पहुंचे हैं। उक्त आवेदनों में कोई कर्मचारी अपने पुत्र पुत्रियों के विवाह का या घर में मांगलिक कार्य होने का बुजुर्ग माता पिता के बीमार होने के या फिर स्वयं के स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर अवकाश मांग रहे हैं। ऐसे आवेदनों पर जिला निर्वाचन विभाग विचार कर रहा है, किंतु अत्यंत जरूरी वाले आवेदनों को ही स्वीकृत किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य के लिए मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र अनिवार्य

स्वास्थ्य का हवाला देकर अवकाश लेने वाले कर्मचारियों को मेडिकल बोर्ड से सर्टिफिकेट देना पड़ेगा। उसके बाद ही अवकाश स्वीकृत होगा। मेडिकल बोर्ड की टीम मेडिकल कॉलेज में बनाई गई है जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं। आवेदन देने वाले बीमार कर्मचारी का परीक्षण मेडिकल बौर्ड के डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। गंभीर स्थिति होने पर ही मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट उक्त कर्मचारी को प्रदान कर सर्टिफिकेट दिया जाएगा और उसके बाद ही अवकाश स्वीकृत होगा।

# तोड़फोड़ करने वाले युवक के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में घुसे एक ग्रामीण ने ठेका कर्मियों पर पत्थर फेंके और टिपर वाहन में तोड़फोड़ की।

**खास बात**

- कुसमुण्डा थाना क्षेत्र का मामला खदान में हुई थी घटना

वाहन का सामने व साइड का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया। प्राइवेट कंपनी के मैनेजर ने कुसमुंडा थाना में शिकायत दर्ज कराया है, जिसमें निजी कंपनी को लाखों की क्षति होना बताया है। पुलिस ने मामले में ग्रामीण के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। एसईसीएल कुसमुंडा खदान में नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी को कोयले की परत के ऊपर से मिट्टी हटाने का काम ठेके पर दे रखा है। पुलिस ने बताया कि कुसमुंडा थाना में प्राइवेट कंपनी के मानव संसाधन प्रमुख मुकेश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विगत दिनों खदान में घुसकर रिस्दी निवासी ईश्वर पाल ने ओबी फेस पर काम कर रहे नीलकंठ कंपनी के कर्मचारियों पर पत्थर फेंके और उनके साथ गाली गलौच की। इसके बाद खड़ी टिपर वाहन का शीशा भी तोड़ दिया। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद ईश्वर पाल के विरूद्ध धारा 427, 294, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



# फाइनली कपिल शो पर आ ही गए मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर...

**मुंबई।** शाहरुख खान और सलमान खान के बाद अब फाइनली आमिर खान भी कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो पर आ चुके हैं। इस एपिसोड का प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है जिसे देखकर शर्तिया आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर अगले मेहमान होंगे। शो का प्रोमो वीडियो बुधवार को जारी कर दिया गया है। जिसमें कपिल शर्मा आमिर खान से कहते नजर आ रहे हैं कि हमें तो लगा था आप हमारे शो पर आएंगे ही नहीं। बता दें कि सलमान खान और शाहरुख खान तो कपिल शर्मा शो पर नजर आ चुके हैं, लेकिन कभी आमिर खान ने इस मंच पर कदम नहीं रखा। प्रोमो वीडियो में जहां कपिल शर्मा कई मुद्दों पर आमिर खान की टांग खींचते नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style

# हिना



## प्रोड्यूसर राजन शाही से नहीं होती बातचीत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'ये रिश्ता क्या कहलाता है' शो के प्रोड्यूसर राजन शाही और इसके कलाकारों के बीच अक्सर खटपट की खबरें आती रही हैं। ऐसी अटकलें थीं कि मोहसिन खान, हिना खान और हर्षद चोपडा जैसे अभिनेताओं के शाही के साथ रचनात्मक मतभेद थे।


हाल में राजन शाही ने हिना खान के साथ अपने मतभेदों को स्वीकार किया है, जिन्होंने शो में अक्षरा का किरदार निभाया था। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की शुरुआत हिना खान ने शो में मुख्य भूमिका निभाकर की थी। लोगों ने उस दौरान के एपिसोड्स को भी खूब पसंद किया था। हालांकि, हिना खान और शो के निर्माता राजन शाही के बीच झगड़े की अटकलें थीं। लेटेस्ट इंटरव्यू में राजन शाही ने इसका जवाब दिया और यह भी कहा कि वह हिना खान और उनमें आए बदलाव की सराहना करते हैं। राजन शाही ने कहा, 'जो लोग अपना काम जानते हैं, जो हिम्मत करते हैं, वो जिंदा रहेंगे। उदाहरण के लिए, हिना के साथ मेरे मतभेद थे, और अब भी हैं। लेकिन वह सर्वाइव कर गईं, क्योंकि उनमें वह प्रतिभा थी। वह हुनर और एक्स-फैक्टर था कि चीजों को कैसे बदलना है। वह एक फैशन आइकन बन गई। मैं उससे बात नहीं करता, लेकिन उसकी तारीफ करता हूं। उन्होंने आगे कहा, 'वो लड़की ने कितनी बुद्धिमानी से मेहनत की है, हा, हमारे आखिरी कुछ महीनों में दिक्कतें आई थीं। वो चैप्टर क्लोज हो गया लेकिन उस लड़की ने खुद को रीइन्वेंट किया। मेहनत की, आज भी कर रही है, ग्रांटेड नहीं ले रही है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'डेडपूल एंड वुलवरिन' के ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' के ट्रेलर को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर में ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स के बीच में बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। फिल्म में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं ह्यू जैकमैन वूल्वरिन के किरदार में दिखाई देंगे। फिल्म के ट्रेलर में ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स के बीच में बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। फिल्म में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल की भूमिका में नजर आने वाले हैं वहीं ह्यू जैकमैन वूल्वरिन के किरदार में दिखाई देंगे।




# हॉरर फिल्म में साथ होंगे अल पचीनो-डैन स्टीवंस

**लॉस एंजिल्स।** डैन स्टीवंस और अल पचीनो हॉरर फिल्म 'द रिचुअल' का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड मिडेल करने वाले हैं। वहीं, इसकी कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। 'गॉडजिला एक्स कॉन्गः द न्यू एम्पायर' से लेकर 'अबीगैल' और आगामी 'कुक्कू' तक, डैन स्टीवंस हाल ही में हर जगह हैं। इसी बीच उनकी नई फिल्म पर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट की मानें तो डैन स्टीवंस ने एक अन्य फिल्म के लिए अल पचीनो के साथ हाथ मिलाया है। दोनों एक्सवाईजेड फिल्म्स और निर्देशक डेविड मिडेल की हॉरर मूवी 'द रिचुअल' का हिस्सा बन गए हैं। वेरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, अल पचीनो और डैन स्टीवंस दोनों हॉरर फिल्म 'द रिचुअल' के कलाकारों में शामिल हो गए हैं।



# परिवार में नहीं करतीं पॉलिटिक्स...

**मुंबई।** आलिया भट्ट जितनी प्रोफेशनल लाइफ में अच्छी हैं, उतना ही पर्सनल लाइफ में वह सबकी फेवरेट हैं। वह अपने ससुराल वालों की भी फेवरेट हैं। आलिया भट्ट अपने ससुराल वालों के बहुत करीब हैं। ना सिर्फ शादी के बाद बल्कि शादी से पहले ही आलिया, कपूर परिवार के हर सुख-दुख में साथ रही हैं। आलिया अपनी सासू मां नीतू कपूर के साथ-साथ अपनी उनकी रिद्धिमा कपूर के भी बहुत करीब हैं। रिद्धिमा सोशल मीडिया पर भी कोई मौका नहीं छोड़ती हैं उन पर प्यार बरसाने पर। अब रिद्धिमा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी भाभी के तारीफों के पुल ही बांध दिए हैं। रिद्धिमा ने उस समय के बारे में बताया जब ऋषि कपूर को कैंसर हुआ था। रिद्धिमा ने बताया कि आलिया, ऋषि कपूर के बहुत करीब थीं।



# 'हीरामंडी' शो को लेकर बटोर रहे सुर्खियां

**मुंबई।** शेखर सुमन इन दिनों अपने आगामी शो 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस शो से वे काफी समय बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं। शेखर सुमन के लिए यह शो इसलिए भी खास है, क्योंकि इस शो में वे अपने बेटे अध्यन सुमन के साथ पहली बार एक्टिंग करते दिखाई देंगे। पिछले दिनों अपने शो के प्रमोशन के दौरान वे अपने पुराने चैट शो 'सिंपली शेखर' के बारे में बातें करते नजर आए। इतना ही नहीं शेखर इंटरव्यू के दौरान दिवंगत अभिनेत्री परवीन बाबी के बारे में भी कई दिलचस्प खुलासे करते दिखे इन दिनों सोशल मीडिया पर शेखर सुमन के शो 'सिंपली शेखर' का एक क्लिप काफी वायरल हो रहा है। उस क्लिप में परवीन बॉबी अमिताभ बच्चन के बारे में बातें करती नजर आ रही हैं। यह इंटरव्यू परवीन बॉबी ने अपनी मृत्यु से पहले दिया था।

## टीवी मसाला




# कौन बनेगा करोड़पति का इंतजार जल्द होगा खत्म

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 की शुरुआत जल्द होने वाली है। इस बीच शो के होस्ट बिग बी ने सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें अमिताभ बच्चन ने मंगलवार रात को अपने ब्लॉग पर शेयर की थी। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों टीवी के पसंदीदा क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की शूटिंग में व्यस्त है। अमिताभ बच्चन जल्द ही दर्शकों के लिए 'केबीसी 16' लेकर आने वाले हैं। इस सीजन की शुरुआत 26 अप्रैल से होगी। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर शो के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को शेयर करने के साथ ही अमिताभ बच्चन ने बताया कि वो क्विज शो शूट करने में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें लंच भी कार में करना पड़ रहा है। अमिताभ बच्चन मे मंगलवार रात को जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें पहली तस्वीर में एक्टर कैजुअल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी और तीसरी तस्वीर में वो फॉर्मल कपड़ों में नजर आ रहे हैं, जैसे वो केबीसी के शूट के दौरान पहनते हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए बिग बी ने लिखा- 'निकले थे काम पे अपनी गाड़ी से ; रूप स्वरूप हुआ लोगों की ज़िमेदारी से। खेल होने जा रहा है नये सेशन का ; स्नेह प्यार बना रहे ईएफ परिवार का।'

## ससुराल गेंदा फूल की 'सुहाना' ने मरून साड़ी में दिखाया ग्लैमरस अंदाज...

**मुंबई।** ससुराल गेंदा फूल की 'सुहाना' यानी एक्ट्रेस रागिनी खन्ना कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह की संगीत नाइट में लाल रंग की साड़ी



पहनकर अपनी मां के साथ पहुंची। इस दौरान सालों बाद रागिनी खन्ना का लुक काफी बदला हुआ लग रहा था। जिसे देखकर उन्हें पहचानना आसान नहीं था।इससे पहले आरती सिंह के मेहंदी के फंक्शन के लिए आरती ने मेहंदी कलर की सलवार कमीज को चुना था। रागिनी खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर मेहंदी फंक्शन से अपने लुक और हाथों में मेहंदी लगाए हुए कुछ तस्वीरें भी शेयर की थीं। वहीं, आरती सिंह के ब्राइडल शॉवर में रागिनी खन्ना बहुत ही सिंपल से लुक में पहुंची थीं। आरती के ब्राइडल शॉवर की पार्टी में उन्होंने ब्लैक कलर की जीन्स और ब्लैक हाईनेक के साथ बेज कलर का ट्रांसपेरेंट टॉप पहना हुआ था।

# 'खतरों के खिलाड़ी 14' शो में शोएब दिखाएगा दम...

**मुंबई।** रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 को लेकर कई नाम सामने आ चुके हैं। हालांकि कन्फर्म तौर पर किसी एक नाम पर हामी नहीं भरी गई। अब पहले कन्फर्म कंटेस्टेंट को लेकर एक नाम सामने आया है। यह टेलीविजन इंडस्ट्री का जाना माना एक्टर है। फेमस रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 14वें सीजन का



आगाज होने वाला है। खतरनाक स्टंट से भरे इस शो में पहले से ज्यादा बड़ा खतरा देखने को मिलेगा। व्यूअर्स को हर बार से कुछ अलग देखने को मिले, इसके लिए शूटिंग लोकेशन बदल दी गई है। वहीं, फैंस को जिस चीज का इंतजार था, वो घड़ी भी अब सामने आ गई है।

***पहला कंटेस्टेंट हुआ कन्फर्म :*** खतरनाक स्टंट शो से भरे 'खतरों के खिलाड़ी' में कंटेस्टेंट्स को हर एक एपिसोड में पहले से ज्यादा डरावने स्टंट कराए जाते हैं। कभी पानी में देर तक बिना सास रोके एक टास्क पूरा करना होता है, तो कभी जानवरों के बीच रहकर अपने टास्क को अंजाम तक पहुंचाना होता है। 'खतरों के खिलाड़ी 14' में भी कुछ ऐसे ही स्टंट कंटेस्टेंट्स को परफॉर्म करने होंगे। इस बार की शूटिंग केप टाउन में न होकर, रोमानिया में होगी। दीपिका कक्कड़ ने नए व्लॉग में 'खतरों के खिलाड़ी 14' को लेकर हिंट दी है। दरअसल, शोएब इब्राहिम, दीपिका से कहते हैं कि जिम करने के बाद आइसक्रीम खाकर उन्हें गिल्ट होता है।

# *धोनी की बेटी जीवा के साथ सुशांत सिंह की थ्रोबैक फोटो इंटरनेट पर छाई, खूब हुई थी दोनों की मस्ती*

**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई है, जिसमें वह धोनी की बेटी जीवा के साथ मस्ती करते दिख रहे हैं। ये तस्वीर तब की है जब वह धोनी के घर पर अक्सर जाया करते थे। धोनी और उनकी फैमिली से मिलवाने के लिए सुशांत अंकिता लोखंडे को भी एक बार अपने साथ ले गए थे। दिवंगत बॉलीवुड स्टार सुशांत सिंह राजपूत की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वायरल तस्वीर में दिवंगत एक्टर स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा को गले लगाते नजर आ रहे हैं। ब्लैक एंड वाइट इस तस्वीर में सुशांत मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि पीछे बैठे धोनी दोनों को देखते हुए स्माइल दे रहे हैं। तस्वीर देखकर सोशल मीडिया यूजर्स भावुक हो उठे हैं। एक ने लिखा- आपको बहुत मिस करते हैं। दूसरे यूजर ने लिखा- लेजेंड्स कभी नहीं मरते।

### लोगों ने कहा- सुशांत जिन्हें लोग कभी भूल नहीं सकते

एक अन्य ने कमेंट किया- सुशांत एक ऐसा नाम है जिसे लोग कभी भूल नहीं सकते। बता दें कि ये फोटो 2016 की है, जब सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी की बायोपिक 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' में उनकी भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी और दिशा पटानी भी नजर आई हैं।

### अंकिता को मिलाने लेकर गए थे धोनी के घर

यहां ये बी बता दें कि सुशांत धोनी के घर अपनी गर्लफ्रेंड अंकिता लोखंडे के साथ पहुंचे थे। वैसे बायोपिक की वजह से सुशांत का धोनी



के घर आना-जाना रहता था और वो अंकिता को भी उनसे मिलाने लेकर गए थे। इस मौके पर सुशांत और अंकिता ने जीवा के साथ खूब सारा वक्त बिताया और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आज भी सबका दिल जीत रही हैं।

### सुशांत के निधन को 4 साल हुए पूरे

जून 2020 में सुशांत सिंह राजपूत अपने मुंबई स्थित आवास में मृत पाए गए थे। सुशांत के निधन के 4 साल बाद भी इस केस में सीबीआई जांच अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। एक्टर के फैंस और परिवार का कहना है कि उनके चहेते सुशांत सिंह राजपूत को इंसाफ नहीं मिल पाया है। लगातार उनके लिए जस्टिस की मांग कर रहे हैं।

## ये हैं दुनिया की 5 सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली फिल्में

# हॉलीवुड का धमाल : लाखों में बनाया और अरबों में कमाया..!

***मुंबई।** फिल्में हमेशा से ही मनोरंजन का साधन रही हैं। फिर चाहे वो तब का जमाना हो या अब का। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो या फिर हॉलीवुड। हर साल ना जाने कितनी फिल्में बनती हैं। इनमें कुछ ब्लॉकबस्टर होती हैं, कई सुपरहिट होती हैं तो कइयों को असफलता का स्वाद भी चखना पड़ता है। अब तक की 5 सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली सारी फिल्में हॉलीवुड की हैं। एक फिल्म तो 52 साल पहले 1972 में रिलीज हुई थी।*



**पैरानॉर्मल एक्टिविटी :** साल 2007 में रिलीज हुई ये एक ऐसी हॉरर फिल्म है, जिसे देखने वालों की रूह कांप गई थी। ओरेन पेली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट महज 12 लाख 49 हजार 927.50 रुपए था, लेकिन इसने 16 अरब, 11 करोड़, 57 लाख, 31 हजार 900.00 रुपए का प्रॉफिट कमाया था।

**टार्नेशन :** ये फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी। मानसिक रूप से बीमार मां के साथ बड़े होने के फिल्म निर्माता के अपने अनुभवों को लेकर बुनी गई 'टार्नेशन' 218.32 डालर के बजट में बनाई गई है। जोनाथन कॉउएट के निर्देशन में बनी ये मूवी परिवार, मेंटल हेल्थ और पहचान से जुड़ी मुश्किलों को एकदम खुलकर बताती है। पूरी फिल्म उन फुटेज से बनी है, जिन्हें डायरेक्र जोनाथन ने 19 सालों में रिकॉर्ड किया था। ये फिल्म भी सिनेमा के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई। इसने 1,200,00 डॉलर का प्रॉफिट कमाया।




**'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' :** 'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' 1999 की हॉरर फिल्म है, जिसका डायरेक्शन डैनियल मायरिक और एडुआर्डो सांचेज ने किया। कहानी एक डॉक्युमेंट्री फिल्ममेकर्स के ग्रुप की है, जो एक चुड़ैल के बारे में स्थानीय किंवदंती की जांच करते हुए जंगल में खो जाते हैं। इस फिल्म का फुटेज स्टाइल, शानदार एक्टिंग और मार्केटिंग कैंपेनिग ने इसे सच्ची कहानी के रूप में प्रस्तुत किया। इस फिल्म की फुटेज शैली एक मील का पत्थर और हॉरर सिनेमा का एक क्लासिक बन गया। क्रिटिक्स की जबरदस्त सराहना की बदौलत फिल्म ने बंपर प्रॉफिट कमाया। 49, 99, 356.00 रुपए में बनी इस फिल्म ने इतना प्रॉफिट कमाया कि सुनकर आपके कान खड़े को जाएंगे। जी हां। ये आंकड़ा 20 अरब, 71 करोड़, 58 लाख, 38 हजार था।




**डीप थ्रोट :** इस फिल्म का बजट 25,000 डालर यानी 20, 83, 212.50 भारतीय रुपए था। प्रॉफिट हुआ 22,528,467 डालर का। यानी 1877263362.41डालर (1 अरब, 87 करोड़, 72 लाख, 63 हजार तीन सौ 62 रुपए) का। 1972 में रिलीज हुई 'डीप थ्रोट' काफी बोल्ड फिल्म थी। इसका डायरेक्शन जेरार्ड डेमियानो ने किया। ये फिल्म विवाद का कारण बनी। पूरे देश में सेंसरशिप और कानून के बारे में चर्चा तेज हो गई। लीड एक्ट्रेस लिंडा लवलेस खुद इस फिल्म के खिलाफ चली गईं, जिससे नारीवादी आंदोलन पर भी प्रभाव पड़ा। इतना कुछ होने के बावजूद इसका नाम इतिहास में दर्ज है।



**इरेजर हेड :** इसका बजट 10,000 डालर (833285 रुपए) था। फिल्म ने 7,000,000 डालर (58 करोड़ 32 लाख 99 हजार 500 रुपए) का प्रॉफिट कमाया। 1977 में रिलीज हुई ये हॉरर मूवी ब्लैक एंड व्हाइट में शूट की गई। फिल्म के भयान सीन और डरावनी आवाजें आज भी रूह कंपा देते हैं।



26 korba-Bhoomi pg3_Layout 1 4/26/2024 11:08 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय स्तर पर स्केटिंग स्पर्धा के लिए पांच खिलाड़ी दिल्ली रवाना

**सीतापुर।** दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की स्केटिंग प्रतियोगिता में क्षेत्र के पांच बच्चों का चयन हुआ है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए चयनित खिलाड़ी दिल्ली के लिए रवाना हो गए है। इस दौरान शिक्षकों के साथ ही खेल प्रेमियों ने बच्चों को बधाई देने के साथ ही उज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की स्केटिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए संस्कृति इंग्लिश मीडियम स्कूल पेटला के छात्र अमोष किंडो कक्षा 8वीं, आयुष तिर्की कक्षा 5वीं, गोड्सन खाखा कक्षा 5वीं, शुभम पैंकरा कक्षा 5वीं एवं अयूब एक्का कक्षा 10वी के छात्र का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विद्यालय के कोच लोमस आर्य बच्चों के साथ दिल्ली रवाना हुए। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में 16 प्रकार की खेल गतिविधियां होंगी वहीं ये पांचो बच्चे स्केटिंग प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखायेंगे। स्कूल संचालक पुरुषोत्तम बेहरा ने सभी बच्चों को दिल्ली रवाना किया तथा राष्ट्रीय स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।

### रुपए नहीं देने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को छोड़ा मायके

**अम्बिकापुर।** पति ने पहले पड़ोसी लड़की को पत्नी बनाया फिर परिजन के साथ पहली पत्नी से जमीन रजिस्ट्री करने या तीन लाख रुपए की मांग की। जब पहली पत्नी ने दोनो शर्त पूरा नहीं कर सकी तो पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को उसके मायके छोड़ चले गए। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम आमादरहा निवासी श्रीमती बसंती अगरिया (23 वर्ष) ने दरिमा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका विवाह सामाजिक रिति रिवाज के साथ शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम जोकापाठ निवासी छोटेलाल आ. बंधन अगरिया के साथ पिछले वर्ष 26 फरवरी को हुआ था। शादी के बाद दोनों आमादरहा में ही रहते थे। 26 मार्च 24 की रात पति घर नहीं आया जिस पर पत्नी को शंका हुआ की लड़की को लेकर भाग गया है। सुबह पता चला कि छोटे लाल ने जोकापाट में पड़ोस में रहने वाली रीता नाग आ. स्व. गणेश नाग को भगा कर कहीं ले गया है और उसे पत्नी बनाकर रखा है। इसी बीच 31 मार्च को पति छोटे लाल, ससुर बंधन अगरिया, चाचा ससुर मिलू अगरिया उसके घर आए और जमीन रजिस्ट्री करने या तीन लाख रूपए देने पर ही उसे रखने की बात कही। दोनो ही शर्त मायके पक्ष के द्वारा पूरा नहीं किया गया तो ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को उसके मायके छोड़ कर चले गए। गत दिन विवाहिता ने घटना की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 498 ए, 494, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**राजपुर।** प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पस्ता पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 400 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया है। साइबर सेल बलरामपुर व पस्ता थाना पुलिस को 24 अप्रैल को सूचना मिली थी कि दो युवक झारखंड के गढ़वा से भारी मात्रा में नशीली दवाएं लेकर अंबिकापुर की ओर जा रहे है। सूचना मिलने के बाद संयुक्त टीम द्वारा एनएच 343 पर ग्राम पाढ़ी में घेराबंदी कर संदिग्ध बाइक सवारों को रोककर उनकी तलाशी ली। युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास से 400 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। युवक झारखण्ड से अवैध मादक इन्जेक्शन लेकर अंबिकापुर की ओर खपाने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने मामले में राजपुर निवासी 29 वर्षीय अजय जायसवाल आ. सुरेंद्र जायसवाल व महादेवपारा घोरगड़ी निवासी सुरदर्शन प्रसाद गुप्ता आ. रामेश्वर प्रसाद गुप्ता को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### खुलेआम कटार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार



**अम्बिकापुर।** कोतवाली पुलिस ने खुलेआम कटार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 25 अप्रैल को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि प्रतापपुर रोड धोबी नाला के समीप एक संदिग्ध युवक कटार लेकर घूम रहा है और लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया और उसके पास से लोहे का कटार जब्त किया गया। इस मामले में पुलिस प्रतापपुर रोड धोबी नाला रोड निवासी 27 वर्षीय प्रभु दास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, सउनि कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह शामिल रहे।

## ग्राम पंचायतों में किए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# रंगोली, पोस्टर, शपथ व रैली के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा निर्वाचन के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरूषों के द्वारा स्वीप की गतिविधियों के तहत मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कुम्हारीदर्री के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली तथा पोस्टर बनाए गए। महिलाओं ने गांव में रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पाली में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान की शपथ ली गई। महिलाओं के द्वारा गांव में मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत रामपुर एवं घरीपखना में महिलाओं के द्वारा 'जन-जन ने यह ठाना है, वोट देने जाना है, सत्य और ईमान से, सरकार बने मतदान से,' आदि नारे लेखन करके शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत सलोरा ख में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा स्वीप के अंतर्गत रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही महिलाओं ने लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ लेकर रैली निकाली। इसी तरह ग्राम पंचायत छिंदपुर में ग्रामीण पुरूष एवं महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने का संदेश दिया।



शपथ लेती महिलाएं।

### कटघोरा में चलाया गया अभियान



निर्वाचन आयोग द्वारा शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में मतदान के लिए आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कटघोरा नगर में नगर पालिका परिषद के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद के सीएमओ ज्ञान पूंज के निर्देश में मतदाता जनजागरूकता कार्यक्रम शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों के द्वारा उपस्थित नगरवासियों को मतदान के महत्व को समझाते हुए मतदान के दिन अनिवार्य रूप से मतदान करने का आव्हान किया गया। इस दौरा नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारियों ने अस्पताल चौक से जय स्तम्भ चौक तक रैली के माध्यम से स्लोगन एवं नारा लगाते हुए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान करने मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तत्पश्चात नगर के शहीद वीरनारायण चौक में सामूहिक रूप से सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता की शपथ ली गई।

### मतदान केन्द्रों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत निगम की टीम कम मतदान वाले क्षेत्रों में लगातार पहुंचकर मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह कर रही है। आवासीय क्षेत्रां मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को यह संदेश दिया जा रहा है कि वे अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करें तथा अपना मतदान कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य जिला प्रशासन द्वारा रखा गया है, सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करें। इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में निगम क्षेत्रांतर्गत मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम सघन रूप से चलाए जा रहे हैं, ऐसे मतदान केन्द्रों, जहॉ विगत चुनावों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, वाले क्षेत्रों में विशेष फोकस रखते हुए निगम की टीमें पहुंच रही है तथा रैलियों का आयोजन कर मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में दर्री जोन के मतदान केन्द्र क्र. 27, 28, 29, 30 एवं 31 में निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया तथा मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए मतदान करें तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दें।

### शासकीय पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों ने ली मतदान की शपथ



शासकीय ईवीपीजी कॉलेज कोरबा में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर साधना खरे ने छात्र छात्राओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। विगत दिवस आकांक्षी विकासखण्ड कोरबा में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं के जागरूकता एवं शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्राम पंचायत गोढ़ी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत महिला-पुरूषों को सामूहिक शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सिमकेंदा के आश्रित ग्राम तितरडांड में शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के महिला-पुरूषों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई।

# बुढ़ियापाली की आंबा कार्यकर्ता प्रिया कंवर की नियुक्ति निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने ग्राम बुढ़यिापाली तहसील बरपाली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती प्रिया कंवर की नियुक्ति में गड़बड़ी होने की शिकायत की जांच उपरांत शिकायत सही पाये जाने पर श्रीमती प्रिया कंवर की नियुक्ति आदेश को निरस्त कर दिया है। इस मामले में अभ्यर्थी द्वारा शासकीय कर्मचारियों से सांठ-गांठ करने और लिपिक द्वारा त्रुटिपूर्ण अंक की गणना कर अभ्यर्थी को लाभ पहुंचाने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने एकीकृत बाल विकास परियोजना बरपाली के सहायक ग्रेड-2 सतीश कुमार सहीस को पूर्व में ही निलंबित किया जा चुका है।

न्यायालय कलेक्टर द्वारा पारित आदेश 26 अप्रैल के अनुसार ग्राम बुढ़यिापाली निवासी श्रीमती आशा आदिले द्वारा श्रीमती प्रिया कंवर की नियुक्ति आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक एक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर गलत तरीके से किये जाने तथा इस मामले में जांच कर भर्ती पर रोक लगाने तथा उचित कार्यवाही की मांग की गई थी। इस प्रकरण में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बरपाली से जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। प्राप्त प्रतिवेदन के परीक्षण एवं जांच के आधार पर पाया गया कि अनावेदिका प्रिया कंवर को लापरवाहीपूर्वक अधिक अंक देकर संलग्न प्रमाण पत्रों का सही ढंग से परीक्षण नहीं किया गया है। उन्हें अधिक अंक देकर भर्ती में प्रथम वरीयता क्रम में रखा गया तथा आवेदिका/शिकायतकर्ता का अंक अधिक होने के बावजूद भी द्वितीय वरीयता क्रम में रखा गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नियुक्ति संबंधी जारी पत्र अनुसार अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम में आठवीं तक अध्ययन करने में तीन अंक प्रदाय किया जाना निर्धारित है। परंतु अनावेदिका प्रिया कंवर को कन्या शाला में अध्ययन का 6 अंक प्रदान किया जाना पाया गया। श्रीमती प्रिया कंवर की शैक्षणिक सहित अन्य योग्यताओं का प्राप्त अंक 57.64 अंक तथा आवेदिका श्रीमती आशा आदिले का कुल प्राप्त अंक 59.32 होना पाया गया। कलेक्टर ने ग्राम बुढ़यिापाली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती प्रिया कंवर की नियुक्ति आदेश 6 फरवरी विधि सम्मत नहीं होने पर निरस्त करते हुए प्रतीक्षा सूची में प्रथम स्थान रखने वाली अभ्यर्थी को नियुक्ति प्रदान करने का आदेश पारित किया है।

### ढेहलाडीह कॉलोनी में पानी की समस्या गहराई

**कोरबा।** गर्मी के मौसम आते ही ढेहलाडीह कॉलोनी में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए एसईकेएमसी के सदस्यों ने मांग पत्र सौंपा है। इस मांग पत्र पर आईआर बैठक में चर्चा की जाएगी। यूनियन नेताओं का कहना है कि कॉलोनी में मंदिर के निकट लगा हुआ। एमटीएम वाटर बिगड़ गया है। जिसको बनाने की जरूरत है। कामगारों को आते जाते समय पेयजल की आवश्कता पड़ती है। इस तरह कॉलोनी मार्ग पर ट्रकों की लंबी लाईन लगी रहती है। ट्रक चलने का मार्ग की दशा खराब हो गई है। मार्ग का निर्माण किया जाना जरूरी है। संयुक्त सलाहकार समिति की ओर से समस्याओं का मांग पत्र सौंपा है।

# दिन भर रही धूप, शाम को बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मौसम में अचानक बदलाव हुआ और शाम को तेज बारिश होने से लोगों को राहत मिली। इसके पहले दिन भर चिलचिलाती धूप से तेज गर्मी ने लोगों को हलाकान कर रखा था। दिन ढलने के बाद शाम को तेज हवाएं चलने के साथ तेज बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट होने से लोगों को राहत महसूस हुई। मौसम विभाग ने पूर्व में ही बारिश की संभावना व्यक्ति की थी। प्रदेश के कुछ हिस्सों में कुछ दिन पूर्व से ही मौसम में बदलाव के कारण बारिश हुई, जिसका असर शुक्रवार शाम को जिले में भी पड़ा।

मौसम में बदलाव को लेकर पिछले कुछ दिनों से बादल और धूप का माहौल बना हुआ था। शुक्रवार की सुबह आसमान में बादल छाने से गर्मी से राहत मिलने की गुंजाईश थी, लेकिन दिन चढ़ते ही तेज धूप ने अपना असर दिखाना शुरू किया, दोपहर में सड़कें सूनसान हो गई। दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका था। शाम 5 बजे हल्की बूंदाबांदी होने के साथ मौसम में बदलाव होने लगा और देर शाम 8 बजे के बाद तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। देखते ही देखते जिस तरह से दिन का तापमान बढ़ा था वैसे ही बारिश के होने से तापमान में गिरावट महसूस हो गई। शुक्रवार की देर शाम मौसम में फिर से अचानक करवट बदली और तेज आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई] जिसकी वजह से विद्युत व्यवस्था भी पूरी तरह से प्रभावित रही। लोगों को भीषण गर्मी में उमस भरी गर्मी से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पिछले कई दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। जिससे लोगों ने गर्मी से राहत भी मिल रही है। वहीं इस बेमौसम बारिश से बीमारी भी दस्तक देगी।

### ठेका मजदूरों के महंगाई भत्ता में हुई बढ़ोतरी

**कोरबा।** कोयला उद्योग में काम करनेवाले ठेका मजदूरों के महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी की गई है। महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी होने से इनको मिलने वाली प्रतिदिन की मजदूरी बढ़ गई है। कोल इंडिया के महाप्रबंधक (श्र.श. एवं आ. सं.) गौतम बनर्जी की आओर से अधिसूचना जारी करते हुए एसईसीएल समेत कोल इंडिया के सभी सीएमडी को पत्र भेजा गया है। बढ़ी हुई महंगाई भत्ता 1 अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 तक प्रभावी रहेगा। बढ़े हुए महंगाई भत्ता के अनुसार हाइली स्किल्ड को 1266 की जगह 1337 रुपया, स्किल्ड को 1236 के बदले 1305 रुपया, सेमी स्किल्ड, अन स्किल्ड सुपरवाइजरी को 1206 की जगह 1274 रुपया और अनस्किल्ड को 1176 के बदले 1242 रुपया मिलेगा। इस तरह हाइली स्किल्ड को 71, स्किल्ड को 69, सेमी स्किल्ड, अन स्किल्ड सुपरवाइजरी को 68 तथा अनस्किल्ड को 66 रुपए का प्रतिदिन का लाभ हुआ है।

# हनुमान जयंती पर भोग भंडारे में उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



हनुमान जयंती के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु।

23 अप्रैल को हनुमान जयंती के पावन पर्व पर पथरीपारा वार्ड नंबर 17 इंदिरा चौक नगर पालिका निगम क्षेत्र कोरबा अंतर्गत हनुमान मंदिर प्रांगण में बड़े उल्लास के साथ हनुमान जयंती मनाया गया इस बीच प्रातः 9 बजे पूरे विधि विधान के साथ हनुमान की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात कॉलोनी की महिलाओं द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस अवसर पर भोग भंडारे के आयोजन में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित थे। रात्रि 7 बजे से देर रात तक जगदंबा जागरण ग्रुप कोरबा के मशहूर भजन गायक धनंजय साहू एवं पिंकी साहू के द्वारा हनुमान की जीवनी पर आधारित भजन गया गया। जिसके कॉलोनीवासियों ने खूब लुफ्त उठाएं और उक्त कार्यक्रम देर रात तक चला रहा कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी मनीराम जांगड़े, सालीक दास, वैष्णव जलेश्वर श्रीवास हनुमान प्रसाद कौशिक विशाल वैष्णव राहुल जांगड़े, मैनेजर दास जयराम मिश्रा, रमेश कुमार कश्यप एवं आचार्य उमाशंकर तिवारी का विशेष सराहनीय योगदान रहा उक्त धार्मिक आयोजन के प्रमुख मनीराम जाँगडे व सालिक दास वैष्णव ने कहा कि पथर्रीपारा वार्ड में छत्तीसगढ़ के हर एक पारंपरिक लोक पर्व के साथ ही हर एक धार्मिक कार्यक्रम बड़े हैं हरसोउलाश के साथ मनाया जाता है, जिसमें कॉलोनी के हर एक छोटे बड़े युवा बुजुर्ग माता बहनों एवं वरिष्ठजनों का सदैव सहयोग मिलता है और मैं आशा करता हूं कि आप सभी का इसने और आशीर्वाद उक्त आयोजन समिति को सदा मिलता रहेगा।

# पोलिंग बूथ में हो 3 सीलिंग फैन, एक कूलर का इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मतदान के लिए वोटिंग की तिथि से एक शाम पहले पहुंचने वाले मतदान दलों के लिए पोलिंग बूथ के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग को दी गई है। ज्यादातर मतदान केंद्र स्कूलों में होंगे, जिसके मद्देनजर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त निर्देश के तहत केंद्रो में आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करने जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विकासखंडों के खंड शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि केंद्रों में तीन सीलिंग फैन, कूलर और बिजली-सफाई व्यवस्था तो करनी है ही, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन पकाने वाली महिला समूह को मतदान कर्मियों के आगमन से लेकर मतदान पूर्ण होने तक जलपान व भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाएंगी। इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय ने पत्र में लिखा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर कोरबा के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मतदान केंद्रों में विभिन्न आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए इस आशय का प्रमाण पत्र भी 27 अप्रैल के पूर्व जिला निर्वाचन एवं डीईओ कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करने कहा गया है। जिले के सभी मतदान केंद्रो में मूलभूत सुविधा जैसे पीने का पानी, शौचालय की साफ-सफाई, बिजली की व्यवस्था, 3 सीलिंग फेन एवं कूलर, परिसर व कक्षों में प्रकाश व्यवस्था की जाए। सभी मतदान केंद्रो में सुरक्षा कर्मी सहित मतदान दल के सदस्यों के लिये संबंधित स्कूल के मध्यान्ह भोजन बनाने वाले महिला स्व. सहायता समूह को आदेशित किया जाए।

### नहर में वृद्ध की तैरती मिली लाश

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शनि मंदिर के समीप एक वृद्ध की नहर में तैरती हुई लाश जब स्थानीय लोगों ने देखी तो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और नहर में बह रहे वृद्ध के लाश को बाहर निकाला गया और आसपास क्षेत्र में उसके शिनाख्ती के प्रयास किए गए लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है। वृद्ध की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डी सुनील कुमार एसईसीएल निदेशक वित्त हेतु अनुशंसित

**कोरबा।** डी सुनील कुमार महाप्रबंधक (वित्त) एनसीएल, एसईसीएल निदेशक वित्त हेतु पीईएसबी द्वारा एनसीएल में महाप्रबंधक (वित्त) के रूप में कार्यरत डी सुनील कुमार के नाम की अनुशंसा एसईसीएल के निदेशक वित्त के रूप में की गई है। कोयला उद्योग में लगभग 35 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले कुमार ने आचार्या नागार्जुन विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश से बीकॉम एवं आंध्र विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश से एमबीए की डिग्री हासिल की है। कोयला उद्योग में वित्त प्रबंधन के क्षेत्र में उन्हें मुख्यालय तथा क्षेत्रीय स्तर पर काम करने का व्यापक अनुभव है तथा वे कॉस्ट कंट्रोल के माध्यम से लाभप्रदता बढ़ाने के कौशल के लिए जाने जाते हैं। एसईसीएल परिवार की ओर से डी सुनील कुमार को निदेशक वित्त हेतु अनुशंसित किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

# अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान करें : सचदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह पूर्व में अग्निशमन सप्ताह का समापन 22 अप्रैल को कार्यपालक निदेशक (उत्पा.), डा. हेमंत सचदेव के मुख्य आतिथ्य, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत के अध्यक्षता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता अंजना कुजुर तथा संजीव कंसल, एल.एन. सूर्यवंशी एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के गरिमामय आतिथ्य में सपन्न हुआ।

इस अवसर पर डा सचदेव ने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल के साथ हम सभी अधिकारी कर्मचारी को एक सुरक्षित कल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध होना है। साथ ही असुरक्षित कार्यो के रोकथाम के लिए हमारे लिए जागरूकता बहुत ही महत्वपूर्ण है तब जाकर हम दुर्घटना के शुन्य लक्ष्य को प्राप्त करेंगें। उपस्थित अतिरिक्त मुख्य अभियंताओ एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ ने भी अग्नि सुरक्षा के प्रति अपने-अपने वक्तव्य रखे।

अग्निशमन संबधित प्रश्नोत्तरी संरक्षा अधिकारी सुमन सोमानी के द्वारा किया गया। संरक्षा नारा प्रतियोगिता विषय अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित कर राष्ट्र निर्माण में सहभागिता में अधिकारी मे प्रथम अमित फुटाने, द्वितीय स्मृति राठौर, तृतीय अयेन्द्र सिंह तोमर कर्मचारी वर्ग प्रथम चित्रेश हनोतिया द्वितीय घनश्याम साहू तृतीय प्रमोद कुमार राठौर प्रशिक्षु वर्ग प्रथम रंजिता बंजारे, द्वितीय पदमावती गेंदले, तृतीय सावित्री जटवार ठेका श्रमिक वर्ग में प्रथम राजेन्द्र साहू, द्वितीय विजय राठौर तृतीय महिपाल कैवर्त एवं कविता लेखन विषय अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित कर राष्ट्र निर्माण में सहभागिता अधिकारी मे प्रथम अयेन्द्र सिंह तोमर, द्वितीय कविता ठक्कर, तृतीय आलोक शर्मा कर्मचारी वर्ग प्रथम घनश्याम साहू द्वितीय घनश्याम सिंह क्षत्रिय तृतीय बबुली चैधरी प्रशिक्षु वर्ग प्रथम निकिता सोनवानी, द्वितीय पूजा साहू, तृतीय अनिशा पाल ठेका श्रमिक वर्ग में प्रथम विजय राठौर, द्वितीय रवि कुमार साहू तृतीय विनय कुमार नेताम रहे। कार्यक्रम में संचालन सहायक अभियंता प्रकाश देवांगन, सुमन सोमानी, अधीक्षण अभियंता (अग्नि एवं सुरक्षा) जी.पी. भगत, कार्यपालन अभियंता अतुल गुप्ता, कविता ठक्कर, उपअग्निशमन अधिकारी आर. एस. परस्ते, विनय नेताम उपस्थित रहे।

### पृष्ठ 1 का शेष

### हाथी प्रभावित पोलिंग...

हाथी प्रभावित ग्राम पंचायत में लगातार पहुंच रही है और मुनादी कर लोगों को सजग और सावधान कर रही है। साथ ही उन्हें यह बता रही है कि शत प्रतिशत मतदान करना है और यदि हाथी उनके गांव की ओर मूवमेंट हुआ तो इसकी जानकारी पहले ही वे सजग ऐप के माध्यम से या फिर वन विभाग के कर्मचारी उन्हें पहले ही बता देंगे। इसलिए वन विभाग की टीम अभी से ही इसकी तैयारी में लगी हुई है कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में मतदान किसी तरह से प्रभावित न हो और उस इलाके में बसने वाले लोग मतदान करें।



## खबर संक्षेप



### राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम का किया गया एफएलसी

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आज जिला प्रशासन द्वारा खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं जशपुर जिलों से लाए गए ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेकिंग राजनैतिक दलों की उपस्थिति में की गई। झगरहा स्थित आईटी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन की जांच ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### व्यय प्रेक्षक द्वारा अभ्यर्थियों का किया गया लेखा-मिलान



**कोरबा।** कोरबा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत चुनाव मैदान में शामिल अभ्यर्थियों का लेखा-मिलान व्यय प्रेक्षक श्री मुकेश कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। व्यय प्रेक्षक श्री कुमार ने लेखा टीम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन से जुड़े खर्च का विवरण निर्धारित प्रारूप में अंकित किया जाए। शेडो रजिस्टर के माध्यम से अभ्यर्थियों व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खर्च का मिलान निर्धारित तिथि के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे, कोषालय अधिकारी पीआर सहित सहायक व्यय लेखा टीम के अधिकारी उपस्थित थे।

### साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर हुई बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर कोल इंडिया मुख्यालय एवं सभी अनुषंगी कंपनियों के सिस्टम एवं ईएंडटी महाप्रबंधकों की समनवय बैठक एसईसीएल मुख्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी साइबर सुरक्षा कार्यान्वयन दिशानिर्देशों पर चर्चा की गई। निदेशक तक. (संचा.) ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनिवार्य किए गए विभिन्न साइबर सुरक्षा उपायों को अपनाकर कंपनी के डेटा की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

### चैतमा चौकी क्षेत्र का मामला, तहकीकात में जुटी पुलिस

# महिला की गला दबाकर हत्या, जंगल में लाश को लगाया ठिकाने



मृत महिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 38 वर्ष की विवाहिता की गला दबाकर हत्यारे ने लाश को जंगल में ठिकाने लगा दिया था। जब सुबह लोगों की नजर लाश पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। लाश मिलने की सूचना पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट अधिकारी कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची। जहां प्रथम दृष्टया मामले को हत्या से जोड़कर देखा गया है। जहां पुलिस की जांच में जुटी टीम ने महिला की शिनाख्त एसईसीएल कर्मी की पत्नी के रूप में की गई है। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं को लेकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भंवर तालाब के घुनघुट्टीपारा के समीप एक 38 वर्षीय महिला की गुरुवार की सुबह लाश पड़ी हुई मिली थी। लाश मिलने की सूचना पर चैतमा चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। साथ ही सीन ऑफ क्राइम के अधिकारी वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत कोसरिया की टीम भी मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस के अधिकारियों द्वारा मामले की गहराई से जांच की गई जहां पाया गया कि प्रथम दृष्टया मामले में महिला की गला दबाकर हत्या कर लाश को ठिकाने लगाया गया है। इस बीच बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिनगर निवासी एसईसीएल कर्मी भोजराम रात्रे ने चैतमा चौकी पहुंचकर मृत महिला की शिनाख्त अपनी पत्नी शकुंतला रात्रे के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक शकुंतला रात्रे बुधवार की शाम 4 बजे घर से अस्पताल जाने के नाम पर निकली थी जो देर शाम तक वापस नहीं लौटी। इसके उपरांत देर रात को जब भोजराम अपने ड्यूटी से घर पहुंचा तब उसके बच्चों ने शकुंतला के गायब होने की जानकारी उसको दी और रिश्तेदारों में खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला जिसके बाद गुरुवार की सुबह सोशल मीडिया में उसकी लाश की खबर वायरल होने पर भोजराम ने घटनास्थल पहुंचकर शकुंतला रात्रे की पहचान की है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से तहकीकात में जुटी हुई है और शकुंतला की हत्या किसने और क्यों की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा लेकिन मामला हत्या से ही जुड़ा हुआ है।

#### जल्द सुलझा लेगी पुलिस मामले को

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि शकुंतला रात्रे की हत्या के मामले में पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं और प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच में जुटी हुई है और उनके परिजनों का बयान कलमबद्ध की है। जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी है। संभावना जताई जा रही है कि शनिवार तक पुलिस इस अंधेकत्ल की गुत्थी को सुलझा लेगी और हत्या किसने और क्यों किया है पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगा।

#### वर्ष 2005 में हुई थी शादी

जानकारी के अनुसार भोजराम रात्रे बांकीमोंगरा शांतिनगर का रहने वाला है। जो एसईसीएल कर्मचारी है और भोजराम रात्रे की शादी जिला जांजगीर चांपा के ग्राम किरीत निवासी शकुंतला रात्रे से वर्ष 2005 में हुई थी और भोजराम के तीन बच्चे भी हैं जिनकी उम्र 18 साल, 16 साल और 13 साल है। शकुंतला की मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## नशे में धुत पति ने की पत्नी की हत्या, फरार पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब के नशे में धुत्त पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया की मदहोश पति ने घर में रखे तवे से अपनी पत्नी के कनपटी पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और हत्या की वारदात को अंजाम देकर पति फरार हो गया था। हत्या के 20 दिन बाद आरोपी पति को पुलिस ने एमपी से गिरफ्तार किया है।

**खास बात**

- पसान थाना क्षेत्र में ग्राम गोलबहरा में हुई थी वारदात

मामला पसान थाना क्षेत्र के ग्राम गोलबहरा की है। यहां निवासरत कन्हैया यादव और उसकी 45 वर्षीय पत्नी फूल कुंवर यादव के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों एक दूसरे के साथ हाथापाई करने लगे। हाथापाई के दौरान पति कन्हैया यादव ने घर में रखे तवे से अपनी पत्नी फूल कुंवर के कनपटी पर सीधा हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत होते ही मौके से कन्हैया यादव फरार हो गया था। मामले में पसान पुलिस ने आरोपी पति कन्हैया यादव के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस उसकी सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई थी। इस बीच मुखबीर से सूचना मिलने पर एमपी के बिजूरी गांव में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



आरोपी

## प्रेक्षक ने किया संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा ने शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। प्रेक्षक श्री मीणा ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाग संख्या 141 निर्मला इंग्लिश स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा कक्ष क्रमांक 1, भाग संख्या 142 निर्मला इंग्लिश स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा कक्ष क्रमांक 2, भाग संख्या 177 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा कक्ष क्रमांक 1, भाग संख्या 178 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा कक्ष क्रमांक 2, भाग संख्या 179 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा, भाग संख्या 180 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा, भाग संख्या 188 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तुलसीनगर कक्ष क्रमांक 1, भाग संख्या 213 सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतामणी कक्ष क्रमांक 02 का अवलोकन किया। इसी तरह प्रेक्षक द्वारा तहसील दर्री अंतर्गत जेलगांव, अयोध्यापुरी, जमनीपाली, बल्गीखार सहित अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

## श्रीराम हनुमंत कथा सुनने पहुंचीं सरोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा क्षेत्र की कोयलांचल नगरी चिरमिरी में शुक्रवार को बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री श्रीराम एवं हनुमंत कथा वाचन करने पहुंचे। चिरमिरी शहर में पहली बार पहुंचे बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को सुनने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी। यहां लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे भी कथास्थल पहुंचीं और धीरेन्द्र महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथास्थल पर बनाए गए पंडाल में सुबह 9 बजे से ही लोग बैठे नजर आए। बागेश्वर धाम प्रमुख श्री शास्त्री ने श्रीराम कथा एवं हनुमंत कथा के दौरान सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करने का आह्वान भी किया। पंडित शास्त्री ने अपने चिर-परचित अंदाज में श्रीराम कथा के साथ हनुमंत कथा सुनाई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा,स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक रेणुका सिंह,भैया लाल राजवाड़े, प्रणव मरपच्ची, पूर्व विधायक चंपा देवी पावले, कृष्ण बिहारी जायसवाल, अनिल केसरवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

**खास बात**

- बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से लिया आशीर्वाद

#### विकसित कोरबा के लिए भाजपा को वोट जरूरी: लखन

वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने रिसदी, झगरहा में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा की लोकसभा का यह पहला ऐसा चुनाव है जब कांग्रेस जीत का दावा नहीं कर पा रही है। दरअसल कांग्रेस को भी मालूम है कि इस बार कांग्रेस देश भर में दहाई का आंकड़ा भी छू नहीं पाएगी। आज कांग्रेस नेताओं में भाजपा प्रवेश के लिए होड़ सी मची हुई है।

## वित्तीय साक्षरता दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन, प्रचार-प्रसार एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा जारी स्टेट प्लान आफ एक्शन में दिए गए निर्देशों के अनुसार श्री सत्येंद्र कुमार साहू जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर 25 अप्रैल को स्टेट बैंक आफ इंडिया आर-सेटी प्रशिक्षण केंद्र कोरबा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुमारी डिम्पल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा प्रशिक्षण ले रही अभ्यर्थियों को कहा कि मौजूदा समय में वित्तीय साक्षरता एक महत्वपूर्ण विषय है, लोगों को वित्तीय तौर पर साक्षर होना उतना ही जरूरी हैं, जितना किसी डिग्री को प्राप्त करना, इसी वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए हर साल वित्तीय साक्षरता दिवस मनाया जाता हैं। जब आप वित्तीय रूप से साक्षर होते हैं, तो आपके पास पैसे के साथ एक स्मार्ट रिश्ते के लिए आवश्यक आधार होता है। इससे आपके जीवन के वित्तीय पहलुओं के बारे में सीखने की आजीवन यात्रा शुरू करने में मदद मिल सकती है। आप जितनी जल्दी वित्तीय रूप से साक्षर बनना शुरू करेंगे, आपके लिए उतना ही बेहतर होगा क्योंकि शिक्षा एक सफल वित्तीय भविष्य की कुंजी है। नरोत्तम ठाकुर एल.डी.एम. लीड बैंक कोरबा एवं विजय कुमार एफ.एल.सी.सी. रिसोर्स पर्सन एस.बी.आई. बैंक कोरबा के द्वारा बैंकिंग में बैंक के कार्य, बैंक खातों के प्रकार जैसे चालू खाता, बचत खाता, सावधी जमा खाता, बीमा के प्रकार के एवं बीमा किए जाने के विभिन्न माध्यमों के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया।

## कुमकी हाथियों की मदद से अकेले घूम रहे दंतैल को पहुंचाया गया दूसरे जंगल

**अम्बिकापुर।** शहर के निकट कुल्हाड़ी जंगल में पिछले 10 दिनों से अकेले भ्रमण कर रहे दंतैल को वन विभाग ने कुमकी हाथियों की मदद से दूसरे जंगल पहुंचाने में सफलता पाई है। दंतैल को दुसरे जंगल तक पहुंचाने के लिए विभाग को लगातार तीन दिनों तक अभियान चलाना पड़ा। फिलहाल सरगुजा के जंगलों में हाथियों का कोई बड़ा दल सक्रिय नहीं है। मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में मौजूद 9 हाथियों का दल पूरे साल भ्रमण करता है तथा बीच-बीच में मैनपाट एवं लखनपुर रेंज के आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जाता है। वर्तमान में विभिन्न जंगलों में दल से भटके अकेले दंतैल घूम रहे हैं जो रातोंरात दूसरे क्षेत्र में पहुंच जा रहे हैं। अकेले हाथी बेहद खतरनाक साबित हो रहे हैं इनकी उपस्थिति की जानकारी नहीं होने के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। शहर के निकट ग्राम खलीबा एवं कुल्हाड़ी के बीच एक दंतैल 12 अप्रैल से भ्रमण कर रहा था। वन अमला प्रारम्भ से ही ट्रेकरों की मदद से दंतैल को दूसरे जंगल की ओर पहुंचाने की कोशिश कर रहा था लेकिन दंतैल जंगल छोड़ने को तैयार नहीं था। शहर के नजदीक मौजूद होने के कारण दंतैल वन अधिकारियों के लिए परेशानी का सबब बना था। लगातार निगरानी करने के बावजूद उसके कभी भी शहर की ओर पहुंचने का खतरा था।











